>

Title: Need to ensure timely issuance of NOC to development projects in the country -laid.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत लगभग 500 से अधिक योजनाओं पर वन विभाग सहित अन्य विभागों के एनओसी व भूमि अधिग्रहण का मसला हल न हो पाने के कारण काम नहीं हो पा रहा है । ऐसे कारणों से न केवल विकास प्रभावित होता है, बल्कि असमंजस व वित्तीय कठिनाइयाँ भी आ जाती हैं जिसके कारण लंबा अरसा बीतने पर काम की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है तथा कभी-कभी काम पूरा नहीं हो पाता है और लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश भी उत्पन्न होता है ।

देश में औद्योगिक परियोजनाओं सहित 100 से अधिक सड़कें, रक्षा, ग्रामीण परियोजनाएँ व ढांचागत बुनियादी काम भी प्रभावित हो रहे हैं ।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस विषय पर एक स्पष्ट कानून बनाया जाये तथा विभिन्न विभागों की अनापत्ति सहित सभी बाधाओं को योजना की घोषणा से पूर्व दूर कर लिया जाये तथा योजना समय पर प्रारंभ तथा पूरी हो इसके लिए नयी कार्यविधि को विकसित किया जाये ।